# श्रीराम सेवा समिति द्वारा कच्ची बस्ती में कंबल बांटे

**■ जरूरतमंदों के बीच 125 कंबल, 125 ऊनी टोपे और तिल के लड्डू का प्रसाद वितरित किया**

**कोटा, (निसं)।** श्रीराम सेवा समिति ने सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर रंगबाड़ी चौराहे पर स्थित कच्ची बस्ती में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर समिति ने जरूरतमंदों के बीच 125 कंबल, 125 ऊनी टोपे और तिल के लड्डू का प्रसाद वितरित किया। कड़ाके की ठंड में इस सेवा कार्यक्रम ने बस्ती के निवासियों के लिए राहत और सुकून का अनुभव कराया। समिति के सदस्यों ने व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाई। समिति के अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा, 'हमारा उद्देश्य न केवल जरूरतमंदों की सहायता करना है, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम उन लोगों तक पहुंचने का प्रयास है, जिन्हें वास्तव में हमारी मदद की आवश्यकता है।

आयोजन का समापन समिति के सदस्यों और उपस्थित लोगों द्वारा समाज सेवा को निरंतर जारी रखने के संकल्प के साथ हुआ।

# धारीवाल ने अजमेर शरीफ दरगाह पर उर्स के लिए चादर भेजी

**■ 'ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह अमन-चैन, भाईचारा, भारत की गंगा-जमुना तहजीब और सूफी संत परंपरा का प्रतीक है'**

**कोटा, (निसं)।** मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल को पूर्व यूडीएच मंत्री व कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाए जाने के लिए चादर भेजी है।

राजस्थान हज कमेटी के सदस्य व उपमहापौर कोटा उत्तर सोनू कुरैशी ने बताया कि अजमेर स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती देश-दुनिया के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं, यहां मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू सहित अन्य धर्मों के लोग चादरपोशी करने पहुंचते हैं, दरगाह के सालाना उर्स के चलते शांति धारीवाल ने चादर पेश करने के लिए चादर अकिदतमंदों को सौंपी।

सोनू कुरैशी ने बताया कि 1 जनवरी 2025 को उनके नेतृत्व में कई कांग्रेस कार्यकर्ता और समाजसेवी कोटा से अजमेर शरीफ जाएंगे और शांति धारीवाल की ओर से चादर पेश कर मुल्क में अमन चैन की दुआ करेंगे।

इस दौरान धारीवाल ने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पूरे विश्व में अमन-चैन, भाईचारा, भारत की गंगा-जमुना तहजीब और सूफी संत परंपरा का प्रतीक है। ख्वाजा साहब की दरगाह पर अपनी ओर से चादर भेजे जाने की बेहद खुशी हैं। मैं इस पावन अवसर पर ख्वाजा साहब से राजस्थान प्रदेश और देश की तरक्की और खुशहाली की कामना करता हूं।

इस अवसर पर अमित धारीवाल, गर्वित धारीवाल, राकेश सोरल, जफर मोहम्मद, अनिल सुवालका, मोहम्मद हुसैन (सुखाडिया) सूफी जाहिर, अब्दुल रहीम खान, यूनुस मोहम्मद, परवेज अख्तर, विष्णु मेवाड़, आबिद कुरैशी, मौलाना रौनक अली, सूफी जाहीर, कलीम, सलीम, अशरफ हुसैन, शाहिद मिर्ज़ा, उमर सीआईडी, अजीम अंसारी उपस्थित कई लोग उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**कोटा, (निसं)।** दादाबाड़ी स्थित मोदी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थीयों का कक्षा नवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थी शीतकालीन शैक्षिक भ्रमण के लिए राजस्थान की सूर्य नगरी जैसलमेर, जोधपुर विजिट किया।

मोदी ग्रुप निदेशक राघव मोदी ने बताया कि शीतकालीन शैक्षिक भ्रमण मे विद्यार्थियों ने सोनार किला, पटवों की हवेली, हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बोर्डर, गड़ीसर झील, तन्नोट माता मंदिर और लोंगावाला वॉर मेमोरियल जैसे महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया द्य इसी के साथ विद्यार्थियों को इस क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थिति के बारे मे भी अवगत करवाया गया और शिल्प ग्राम में राजस्थान की हस्त कलाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन के साथ ही राजस्थानी नृत्य कालबेलिया और फायर शो का आनन्द लिया साथ ही थार रेगिस्तान के धोरों पर बच्चों ने जीप सफारी व केमल सफारी का खूब आनन्द लिया।

# सुपर स्टार राजेश खन्ना को श्रद्धांजलि दी

**कोटा, (निसं)।** लायंस म्यूजिक लवर्स कोटा द्वारा सुपर स्टार राजेश खन्ना के जन्मदिवस पर उन्हें सुरीले गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारतीय सिनेमा जगत के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष में उनके ऊपर फिल्माए गए गीत कलाकारों द्वारा गुनगुनाए गए। लायंस म्यूजिक लवर्स ग्रुप कोटा द्वारा उन्हें सर्वप्रथम श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके हसीन लम्हों को याद किया गया।

राजेश खन्ना की अदाकारी से सुपरहिट हुई फिल्मों में गाए गए गीतों से शाम को संगीतमय किया गया। किसी ने हम दोनों दो प्रेमी दुनिया छोड़ चले..., कोरा कागज था ये मन मेरा..., मेरे सपनों की रानी कब आएगी तू..., गुनगुनाया तो किसी ने ये शाम मस्तानी मदहोश किए जाए..., गुनगुना रहे हैं भंवरे, खिल रही है कली-कली..., और उन्हें याद कर उनके जन्मदिवस को यादगार बनाया। कार्यक्रम के संयोजक मंजुला जैन और सुनील जैन ने बताया कि राजेश खन्ना ने अपने अभिनय से करोड़ों लोगों को अपना प्रशासक बनाया और उनके दिलों पर राज किया।

उनके अभिनय ने पूरी दुनिया में एक अलग ही छाप छोड़ी और उनका अंदाज बेहद निराला था, जो युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा। राजेश खन्ना की एक झलक पाने को लोग बेताब नजर आते थे। कार्यक्रम में डॉ. विजय सरदाना, सुनील जैन, सुषमा आहूजा, मौसमी अधिकारी, प्रज्ञा कुलकर्णी, मंजुला जैन, रंजन कचोलिया, मुकेश शर्मा, उपेंद्र जैन, जनार्दन सिंह हाडा, कृष्ण वर्मा, कल्पेश शाह, अभिषेक गोयल आदि गायको ने राजेश खन्ना के गीतों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण ( केडीए )

क्रमांक:-LU2012/KOT/2024-25/100857 **लोक सूचना** दिनांक:-30.12.2024

श्री MAITRI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES JARIYE ASHOK KUMAR SHARMA पुत्र श्री G.L. SHANDILYA जाति BRAHMAN निवासी 1-C-2 SFS COLONY NEAR CHAUDHARY NURSING HOME TALWANDI KOTA ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का अन्य संस्थानिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सुखपुरा लाडपुरा (कोटा) | MAITRI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES JARIYE ASHOK KUMAR SHARMA S/O G.L. SHANDILYA CASTE BRAHMAN HOUSE NO. 1-C-2 SFS COLONY NEAR CHAUDHARY NURSING HOME TALWANDI KOTA | 118/113 | 1400 | 0.14 |
| | | | | कुल | 0.14 |

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.12.2024 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी कोटा विकास प्राधिकरण ( केडीए )**

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

## निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.01.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

भरतपुर, भरतपुर राजस्थान, 135690730034339, 9198, 135690750000127, भरतपुर, 138000730018022, 8045, 8241, कोटा, गुमान पुरा, 112700700033650, 3728, 3922, 3929, केशवपुरा कोटा, 114320700024467, 4539, 114320730043761, कोटा जंक्शन, 112630700027820, 7896, 7913, 7946, 8023, 8094, 8124, 8200, 8210, 112630730040153, 0187, 112630750000081, नयापुरा कोटा, 112380700026566, 6611, 6713, 112380730036221, 6408, 6414, सवाई माधोपुर, सवाई माधोपुर, 135230700007699, 7701, 135230730046669,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

# सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे की पुण्यतिथि दो को

**कोटा, (निसं)।** सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर दो जनवरी को सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे स्मृति सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के द्वारा कोटा शहर व कोटा देहात मे कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता वंदना दुबे स्मृति सेवा समिति के संयोजक मनोज दुबे व वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने बताया की सुबह गोशालाओं मे गायों को हरा चारा डाला जाएगा व वृक्षारोपण किया जाएगा। जरूरतमंद लोगों को फल एव खाद्य सामग्री वितरित करेंगे। तथा शहर में विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए जाएगे। इसी के साथ ही समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अन्य कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# शिविर में 389 मरीजों का उपचार किया

**कोटा, (निसं)।** रोटरी क्लब कोटा नार्थ के सहयोग से इलेक्टोपैथी चिकित्सा का नि:शुल्क शिविर आयोजित किया गया जिसमें 389 मरीजों का उपचार किया। इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद राजस्थान के संरक्षक डॉ.आरबी गुप्ता एवं कोटा सम्भाग प्रभारी डॉ. शादाब अहमद ने बताया की शिविर में कोटा के सभी वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपनी भागीदारी निभाई।

# वरिष्ठजनों, भामाशाह, प्रतिभा व खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**■ छीपा समाज के लिए जो भी बन पड़ेगा मैं करूंगा : धारीवाल**

**कोटा, (निसं)।** छीपा समाज के लिए जो भी सहयोग बन पड़ेगा मैं करूंगा। आप सभी समाजबंधु मेरा परिवार हैं। यह बात श्री नामदेव पंचायत विकास समिति कुन्हाड़ी की ओर से रविवार रात करवाए वरिष्ठजन, भामाशाह, प्रतिभा व खिलाड़ियों के लिए रखे सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि रहे कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि छीपा समाज द्वारा मंदिर जीर्णोद्धार के लिए जो प्रयास किए वह सराहनीय है। समारोह में समाज की ओर से जीर्ण-शीर्ण भगवान त्रिगुणीनाथ मंदिर को जींवत करने पर समाज की ओर से कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री नामदेव पंचायत विकास समिति की अध्यक्षा राजेश नामा ने की।

उन्होंने मंदिर जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण में सहयोग करने वाले समाज व अन्य समाज के लोगों की सराहना की। साथ ही आगे भी इस तरह के सहयोग की आशा व्यक्त की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथि श्रीनामदेव हितैषी महासभा अध्यक्ष रामचरण आमेरिया, कोषाध्यक्ष राकेश जेठानिया, नामा बैंक अध्यक्ष महेश जोशी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र मालीवाल, कोटा नगर महासभा अध्यक्ष नवल किशोर सरसवाल रहे। समारोह में समिति की उपाध्यक्ष सीमा मालीवाल, कोषाध्यक्ष हेमराज नामा, महामंत्री हेमलता नामा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल रहे। संचालन एचएल नामा ने किया।

समारोह में अतिथियों ने समाज के वरिष्ठजन रामदुलारी जयपुरिया, रामजानकी बाई, परमानंद सांखला, नारायण लाल बरग, प्रेम बाई बरग, रामप्यारी बाई, केके मालीवाल, भगवती बाई, शंकर लाल बरग, गंगा देवी नाहर, कस्तूरचंद पंवार, रामदुलारी समेलिया, सुशीला समेलिया, सियाराम सांखला, हेमा नाहर व अन्य। उत्कृष खिलाड़ियों में हार्दिक मालीवाल, कुशाग्र राज नामा, दिव्यांश नामा, युवराज मालीवाल, आरव मालीवाल और समाज की प्रतिभाओं में राशि मालीवाल, आयुष नाहर, हर्षिता नाहर, मिनल जोशी, भाविका सांखला, वंशिका नाहर, निकिता जयपुरिया, नेहा मालीवाल, प्रियांक जोशी, धनेश नामा व अन्य को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन

(आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तत्वावधान में भारत सरकार का एक स्वायत्त निकाय) 9वी मंजिल, "बी" विंग, जनपथ भवन, जनपथ नई दिल्ली-110001 फोन-23717249/23355408/23322192

## भोपाल में अवास परियोजना के लिए मांग सर्वेण

केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन (CGEWHO) ने 1990 में अपनी स्थापना के बाद से पूरे भारत में 33 आवास परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा किया है। CGEWHO विशेष रूप से केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रमों, राज्य सरकारी, संघ शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगमों और राष्ट्रीकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।
सीजीईडब्लूएचओ अब भोपाल में प्रस्तावित आवास परियोजना के लिए मांग सर्वेक्षण कर रहा है।
मुय विवरण-

- स्थान-प्रस्तावित परियोजना होशंगाबाद कनेक्टिंग रोड, भोपाल के पास मिसरोद बर्रई 45 मास्टर प्लान रोड योजना में 4.45 एकड़ के भूखंड (भूखंड क्रमांक बीजी-22) पर स्थित होगी।
- परियोजना का आंकार- बहुमंजिला इमारत में लगभग 300 आवासीय इकाइयों (डीयू) की योजना बनाई गई है, जिसमें प्रत्येक इकाई में तीन या चार बेडरूम होंगे। इकाइयों का अनुमानित सुपर बिल्ट-अप एरिया (एसबीए) 1500 से 2000 वर्गफीट तक होगा।
- पात्रता- यह सर्वेक्षण केवल केन्द्र सरकार, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, राज्य सरकारों, संघ शासित प्रदेशों, स्वायत्त निकायों, निगमों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कर्मचारियों के लिए खुला है।
- आराण- 50 प्रतिशत आवासीय इकाइयां (डीयू) मांग सर्वेक्षण के उत्तरदाताओं के लिए आरक्षित होंगी, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें-**

- विवरण नियम व शर्तो तथा आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए कृपया सीजीईडब्ल्यूएचओ की वेबसाइट www.cgewho.in पर जाए।
- पूर्ण रूप से भरे गए फॉर्म 30 दिनों के भीतर डाक या ई-मेल द्वारा निम्नलिखित पते पर जमा किए जाने चाहिए।

**उप निदेशक (प्रशासन), सीजीईडब्ल्यूएचओ**
**"बी" विंग, 9वीं मंजिल, जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001**
**ईमेल- marketingcgewho@gmail.com**

किसी भी प्रश्न के लिए आप निम्नलिति व्यक्तियों से संपर्क कर सकते है-
श्री रोशन किशोर (एम) 9560022232, श्री नितीश गर्ग (एम) 8826461114
सीईओ, सीजीईडब्ल्यूएचओ को बिना कोई कारण बताए योजना या मांग सर्वेक्षण को छोडने का अधिकार सुरक्षित है।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**सीजीईडब्ल्यूएचओ**

CBC 20105/12/0016/2425

